हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 जून 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री


12 स्टैंड में जल्द शुरू होगी बसों की आवाजाही यात्रियों और...





13 स्काऊट, एनसीसी एवं स्कूली बच्चों ने निकाली...




## खबर संक्षेप

### गर्भवती माताएं एचआईवी की जांच जरूर करवाएं



**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक द्वारा प्रत्येक माह के 9 और 24 तारीख को होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की समीक्षा जिला मुख्यालय और मैदानी स्तर पर की गई। सर्वप्रथम सीएमएचओ डॉ. बसाक और सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय प्रसाद, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री के साथ अस्पताल प्रबंधन के सलाहकार डॉ. नीरज ओझा की उपस्थिति में महारानी अस्पताल में जांच करवाने हेतु आई गर्भवती माताओ को स्वल्पाहार का वितरण किया गया। इसमें डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. मीनल भी शामिल रही। अधिकारियों द्वारा महारानी अस्पताल के लेबोरेटरी में की जा रही जांच के बारे में जानकारी लेते हुए सभी गर्भवती माताओ की एचआईवी की अनिवार्य जांच करने की सलाह और अन्य संभावित बीमारियों की जांच समेत सोनोग्राफी भी करवाई गई। कचनार में आरएमए मनीषा चौहान, मंजूषा साहनी, सुपरवाइजर केके बघेल, गायत्री कामडी नेत्र सहायक अधिकारी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में लगाए जा गई रहे पीएमएसएमए के शिविर की जांच की गई जहां पर किए जा रहे हैं गर्भवती माता की जांच के बारे में स्थित जानकारी ड्यूटी डॉक्टर से जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर बीपीएम राजेंद्र बघेल द्वारा शिविर के बारे में जानकारी दी गई।

### सेवानिवृत पर हुआ सम्मान समारोह

**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग बस्तर जिले प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि कार्यक्रम के बाद सेवानिवृत प्रभारी बीईटीओ आरसी जोशी के रिटायरमेंट के बाद सम्मान समारोह किया। समारोह में समीरन घोष, कन्हैया महेश्वरी, अनुराधा गोलीवर, अनीता मंडल, हेमवती नेताम, जमीला सूर, रामदास बघेल, उमाशंकर पांडे, पंकज सेठिया, पुरुषोत्तम भोयर और विशेष रूप से आमंत्रित पूर्व बीईटीओ डीपी पांडे और अनिल देवांगन भी शामिल रहे।

### भर्ती सम्बन्धी विज्ञापन का भ्रम फैलाकर आवेदन पत्र विक्रय पर रोक

**जगदलपुर।** कलेक्टर जिला बस्तर द्वारा वर्ष 2023 में निकाले गए विभिन्न पदों पर भर्ती सम्बन्धी विज्ञापन का भ्रम फैलाकर आवेदन पत्र विक्रय पर तत्काल रोक लगाने सहित संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश सभी एसडीएम और तहसीलदारों को दिए गए हैं। इस सम्बंध में अपर कलेक्टर द्वारा जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि यह देखने में आ रहा है कि जिला कार्यालय जगदलपुर के वित्त शाखा में विगत दिनों में विभिन्न पदों पर भर्ती संबंधी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं जिस पर विज्ञापन क्रमांक 3 दिनांक 26 मई 2023 का उल्लेख किया गया है। उक्त भर्ती संबंधी विज्ञापन वर्ष 2023 में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से भर्ती पर प्रतिबंध लगाते हुए निरस्त किया गया है। जिसकी सूचना दैनिक अखबारों सहित बस्तर जिले के शासकीय वेबसाइट में प्रदर्शित किया गया था। ऐसी स्थिति में उक्त निरस्त किये गये विज्ञापन के विरुद्ध पुनः भर्ती हेतु नये सिरे से आवेदन प्राप्त होना अवश्य किसी व्यक्ति द्वारा भ्रम फैलाकर बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस पर तत्काल कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। आवेदन पत्र किसके द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है अथवा विक्रय किया जा रहा है, संबंधी जानकारी आवेदकों से मोबाइल पर पूछे जाने पर संतोषप्रद जवाब नहीं दिया जा रहा है।

# बस्तर गोंचा महापर्व का नेत्रोत्सव आज और रथयात्रा निकलेगी 27 को

## रथारूढ़ होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र स्वामी व देवी सुभद्रा करेंगे नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि में मनाया जाने वाला बस्तर गोंचा रथयात्रा महापर्व 27 जून को ओडिशा की पूरी के तर्ज पर बड़े उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। 26 जून को नेत्रोत्सव और 27 जून को बस्तर रथयात्रा गोंचा महापर्व का धार्मिक आयोजन होगा। गोंचा पर्व में बस्तर संभाग से विभिन्न ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मलित होते हैं। पर्व की पूरी तैयारी की गई है।

उक्त बातें 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे एवं बस्तर गोंचा महापर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष चिंतामणी पांडे ने बुधवार को जगन्नाथ मंदिर में आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक बस्तर दशहरे पर्व के बाद दूसरा बड़ा पर्व गोंचा महापर्व की शुरूआत कल से होनी है। आज बस्तर गोंचा महापर्व के पदाधिकारियों ने पर्व को लेकर जानकारी दी। 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज द्वारा हर साल गोंचा महापर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता रहा है इस वर्ष भी महापर्व को धूमधाम से मनाने को लेकर चंदन यात्रा से शुरूआत बाहुड़ा गोंचा तक सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चूंकि भगवान अभी अनसरकाल में है और गुरुवार को नेत्रोत्सव के बाद प्रभु जगन्नाथ बलभद्र एवं माता सुभद्रा सभी भक्तों को दर्शन देने 27 जून ⏭ शेष पेज 12 पर





### तुपकी से देंगे भगवान जगन्नाथ को सलामी

*अध्यक्ष चिंतामणी पांडे ने बताया कि बस्तर गोंचा पर्व में शामिल होने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आमंत्रण दिया। पदाधिकारियों ने बताया कि पुरी की तर्ज पर बस्तर में भी गोंचा पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। लगभग 600 सालो से चली आ रही परम्परा को बस्तरवासी आज भी पूरे विधि विधान से निभाते चले आ रहे हैं। साथ ही कहा कि इस पर्व का मुख्य आकर्षण बांसनुमा तुपकी होती है। तुपकी में पेंग के बीज के माध्यम से भगवान जगन्नाथ को सलामी दी जाती है।*

## विरोध : स्कूलों व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के विरोध में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस का हल्लाबोल भारी बारिश के बाद भी शिक्षा कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर-ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा शिक्षा न्याय के तहत स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण करने के विरोध में बुधवार को प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ डीईओ कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम मांगपत्र सौंपा गया।

- शिक्षा विरोधी निर्णय वापस ले राज्य सरकार : सुशील

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष व प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सुशील मौर्य ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने 45 हजार शिक्षकों की नई भर्ती का वादा किया था। अब 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही है सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों विशेषकर बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे जगहों पर स्कूलों की कमी होगी, यह सरकार ⏭ शेष पेज 12 पर



### गलत शिक्षा नीति के विरोध में दिखा जोश



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा भारी बारिश के बावजूद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आज भाजपा सरकार की शिक्षा व रोजगार विरोधी युक्तियुक्तकरण निर्णय को वापस लेने के लिए शिक्षा कार्यालय का घेराव किया। भाजपा सरकार ने हमेशा से शिक्षा के क्षेत्र में कभी कोई कार्य नहीं किया उल्टा स्कूलो को बंद करने शिक्षक भर्ती रोकने में ये सरकार इस युक्तियुक्तकरण कर रही है यह निर्णय से किसी का भी फायदा नहीं होगा कुल मिलाकर भाजपा सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को कमजोर कर रही है,भाजपा सरकार को यह शिक्षा विरोधी निर्णय जल्द से जल्द वापस लेना चाहिए अन्यथा कांग्रेस पार्टी और भी उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी।

### नए नियम के बाद दो ही शिक्षकों पढ़ाएंगे 18 विषय

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा युक्तियुक्तकरण के तहत भाजपा सरकार के नए सेटअप में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में एचएम को शिक्षकीय पद मानते हुए प्राइमरी में 30 और मिडिल में 35 बच्चों के बीच एक शिक्षा का सेटअप घोषित किया गया है। प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन-तीन विषय एवं तीसरी,चौथी, पांचवी में चार-चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते हैं, जिन्हें वर्तमान समय में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6-6 कक्षा लेना होता है, अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षको के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है?मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 सब्जेक्ट इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे? कुल मिलाकर भाजपा सरकार का युक्तियुक्तकरण करना शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है।कांग्रेस पार्टी सख्त चेतावनी देती है कुल मिलाकर भाजपा की साय सरकार का यह तानाशाही निर्णय है अगर सरकार ने युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से बंद नहीं किया, तो आने वाले समय में कांग्रेस कार्यकर्ता और शिक्षक मिलकर और भी उग्र आंदोलन करेंगे।

# संभाग से प्रशासनिक अधिकारी बनने 158 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

## राज्य सेवा पीएससी के मुख्य परीक्षा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा मुख्य परीक्षा हेतु सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 26 से 29 जून तक आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम पाली पूर्वान्ह 9 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारी बनने बस्तर संभाग से 158 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

- दो पाली में बस्तर हाई स्कूल में आयोजित किए जाएंगे एक्जाम

इस बार मुख्य परीक्षा में 7 पेपर होंगे, गुरूवार से शनिवार तक सुबह शाम 6 पेपर होंगे एवं रविवार सुबह की पाली में एक पेपर होंगे। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर मायानन्द चन्द्रा ने बताया कि परीक्षार्थी परीक्षा के समय का विशेष ध्यान रखेंगे। भारी बारीश की संभावना को देखते हुए सुबह के पाली में 8.30 बजे ही एवं शाम की पाली में 1.30 बजे परीक्षा केन्द्र में पहुंचे। साथ में अपना आईडी कार्ड जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लायसेंस आदि में से कोई भी मूल कार्ड परीक्षा केन्द्र में जरूर ले जाए, परिचय पत्र के बिना परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अपना पीएससी द्वारा जारी आनलाईन प्रवेश पत्र भी साथ में रखें जो साफ-सूथरा हो, परीक्षार्थी अनावश्यक सामान परीक्षा केन्द्र में बिलकुल न ले जाए। शहर के जगतु माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बस्तर हाई स्कूल) को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। सारी तैयारियां कलेक्टर हरीश एस. के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर सीपी बघेल के दिशा-निर्देश में की गई है।

CGPSC

## वन भूमि में अवैध रूप से जुताई करते हुए पकड़ाए 3 ट्रैक्टर, राजसात की प्रक्रिया भी

# वनभूमि में अतिक्रमण कर बना रहे खेत 29 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वन विभाग ने भानपुरी परिक्षेत्र अंतर्गत 3 ट्रैक्टर, बस्तर परिक्षेत्र अंतर्गत 2 ट्रैक्टर, जगदलपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत एक ट्रैक्टर, कुल 6 ट्रैक्टर नागर सहित जब्त कर राजसात की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके अलावा माचकोट परिक्षेत्र अंतर्गत 26 व्यक्तियों तथा करपावंड परिक्षेत्र अंतर्गत 3 व्यक्तियों समेत 29 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ वन अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

- दो सप्ताह में 9 ट्रैक्टर, नागर जब्त

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन मंत्री केदार कश्यप के सख्त निर्देशों के बाद वन विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। दो सप्ताह में वन परिक्षेत्र दरभा अंतर्गत भी 24 जून को आरक्षित वनों में अवैध रूप से जुताई करते हुए 4 व्यक्तियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर उनसे अपराध में प्रयुक्त 2 ट्रैक्टर एवं नागर को विधिवत जब्त किया गया है। परिक्षेत्र बकावण्ड अंतर्गत भी उसी दिन संरक्षित वन में अवैध रूप से जुताई करते हुए 2 व्यक्तियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर उनसे अपराध में प्रयुक्ति एक ट्रैक्टर एवं नागर को विधिवत जब्त किया गया है। इसकी विधिवत शासन के पक्ष में राजसात की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा एवं वन मण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा उप वन मण्डलाधिकारी देवलाल ⏭ शेष पेज 12 पर



### उलनार बीट से हटाया अतिक्रमण

बकावंड परिक्षेत्र के उलनार बीट के कक्ष कमांक पीएफ में मंगलवार को एक ट्रैक्टर द्वारा अवैध रूप से वनभूमि में अतिक्रमण कर हल जोताई का कार्य किया जा रहा था। अवैध खुदाई, जुताई करते पाए जाने पर ट्रैक्टर को जप्त कर राजसात की कार्रवाई हेतु प्राधिकृत अधिकारी उप वन मण्डलाधिकारी जगदलपुर को प्रेषित किया गया है। कार्रवाई वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश किया कि पर्यावरण के संरक्षण हेतु वनों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त करना एवं अवैध कटाई को रोकना अभियान के तहत किया गया।

### कोटवारों से करा रहे मुनादी

बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभाओं को पत्र के माध्यम से तथा कोटवारों से मुनादी करवाकर ग्रामीणों को वनक्षेत्र में अवैध कटाई एवं अतिक्रमण के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई किया जाने के संबंध में पूर्व में ही सूचना दिया जा चुका है। अतिक्रमण हटाने अभियान में ग्रामीणों का सहयोग उत्साहजनक है एवं अपराधियों के अंदर भय का वातावरण व्याप्त है, जिसके कारण अतिक्रमण विरोधी दस्ता को स्वर्णिम परिणाम प्राप्त हो रहा है।

## माओवादी स्मारक को किया ध्वस्त...



**बीजापुर।** जिले के थाना नेलसनार क्षेत्रांतर्गत इंद्रावती नदी के पार ग्राम बांगोली में पुलिस बल द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम देते हुए माओवादियों द्वारा बनाए गए लगभग 15 फीट ऊंचे पक्के माओवादी स्मारक को ध्वस्त किया गया। यह स्मारक माओवादियों द्वारा क्षेत्र में अपने विचारधारा के प्रचार-प्रसार एवं संगठन के प्रभाव विस्तार हेतु निर्मित किया गया था। पुलिस टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों के विरुद्ध कड़ा संदेश दिया गया है तथा ग्रामीणों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को बल मिला है।

## मौसम विभाग ने आने वाले 5 दिनों के लिए किया येलो अलर्ट जारी


# दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पकड़ी रफ्तार, हो रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य में एक बार फिर मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। प्रदेश में पिछले 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आने वाले 5 दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

- बस्तर में हल्की से मध्यम वर्षा

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले 5 दिनों तक भारी बारिश हो सकती है। वहीं बस्तर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और नारायणपुर जैसे जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। इन जिलों में मेघगर्जन, तेज हवा और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। बीजापुर,नारायणपुर,उत्तर बस्तर कांकेर में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली अचानक तेज हवा के साथ मध्यम वर्षा की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित है। यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे तटीय उत्तर ओडिशा-तटीय पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित है। यह 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके, अगले 24 घंटे में इसके प्रबल होकर एक निम्न दाब का क्षेत्र इसी स्थान पर बनने की संभावना है।



फाइल फोटो

### वायुमंडल में एक द्रोणिका विस्तारित

*मौसम वैज्ञानिक चंद्रा के अनुसार एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश तक दक्षिण गुजरात, उत्तर मध्य महाराष्ट्र तक स्थित है तथा यह 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।चंद्रा के अनुसार सिस्टम के प्रभाव से गुरुवार को प्रदेश में जून को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने,वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है।*

# आयुष विभाग की मोबाइल टीम पहुंची मुस्कुटटा, ग्रामीणों का किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आयुष विभाग का मोबाइल मेडिकल यूनिट बस्तर जिले के अंदरूनी क्षेत्र ग्राम मुस्कुटटा पहुंची, जहां ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार कराया गया। शिविर में चर्मरोग, अर्श, स्त्री रोग, वातरोग, उदयरोग के मरीज मिले।

- शिविर में मिले चर्मरोग, अर्श, स्त्रीरोग, वातरोग, उदयरोग के मरीज

ग्रामीणों का उपचार करने में डॉ. निषाद, फार्मासिस्ट छैलेंद्र, औषद्यालय सेवक पदम यादव आदि शामिल रहे। बताया जा रहा है कि शिविर में विशेष ⏭ शेष पेज 12 पर



### ग्रामीणों का बढ़ रहा रूझान

जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहिनिश साहू ने बताया कि अंदरूनी और चिकित्सा पहुंचविहीन गांवों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से ग्रामीणों तक आयुर्वेद चिकित्सा को पहुंचाने की सकारात्मक पहल किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार करवाने के प्रति जागरुकता के साथ ही रूझान बढ़ रहा है।

